## साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय, संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़), भोपाल–462030 (म0प्र0)
## स्वशासी योजना के अंतर्गत् शासी निकाय की बैठक
## कमांक 07(सत्र 2022–23)

दिनांक 17 / 03 / 2023 समयः प्रातः 11:30 बजे

### कार्यवृत्त

दिनांक 17 / 03 / 2023 को पूर्वान्ह 11:30 बजे महाविद्यालय में स्वशासी योजना के अंतर्गत शासी निकाय की बैठक माननीय श्री दयालदास डेटानी जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही।

I. अध्यक्ष
श्री दयालदास डेटानी (अध्यक्ष प्रबंध समिति)

II. प्रबंध समिति के नामित सदस्य
1. श्री सुरेश कुमार दरयानी (उपाध्यक्ष)
2. श्री राजेन्द्र मनवानी(महासचिव)
3. श्री अशोक आडवानी (सचिव)
4. श्री दिनेश वाधवानी (कोषाध्यक्ष)
5. श्री हेमन्त आसवानी(अंकेक्षक)

III. कुलपति बरकत्तउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा नामित सदस्य
डॉ. नीरज गौर, प्राध्यापक, यू टी डी, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

IV. शासी निकाय द्वारा नामित शिक्षाविद्
डॉ. आभा बाजपेयी
सेवानिवृत प्राध्यापक हिन्दी
सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय
शिवाजी नगर, भोपाल

V. मध्य प्रदेश शासन द्वारा नामित सदस्य
डॉ. मथुरा प्रसाद, क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन

VI. महाविद्यालय के प्राचार्य –पदेन सचिव (शासी निकाय)
डॉ. अनिल कुमार सिंह

VII. प्राचार्य द्वारा नामित महाविद्यालय के प्राध्यापक
(i) डॉ. डी.के.दुबे, प्राध्यापक, प्रबंधन।
(ii) डॉ. सुमन मलिक, प्राध्यापक, रसायन शास्त्र।

VIII. विशेष आमंत्रित सदस्य
(i) डॉ. बी.डी. पाण्डेय, नियंत्रक स्वशासी प्रकोष्ठ
(ii) श्रीमती हिना आसवानी, संयोजक IQAC

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा उपरान्त निम्न निर्णय लिए गयेः—

**बिन्दु क्रमांक 1:— सत्र 2021—22 में स्वशासी योजना के अंतर्गत आयोजित शासी निकाय की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन पर चर्चा।**

इस बिन्दु पर बैठक के उपस्थित सदस्यों को प्राचार्य महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि शैक्षणिक सत्र 2021—22 हेतु स्वशासी योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय द्वारा बनाए गए शैक्षणिक प्लानर के अनुसार सभी शैक्षणिक एवं शैक्षणैत्तर गतिविधियाँ सम्पन्न कराई गई। NEP-2020 के अंतर्गत प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की स्वशासी योजना के अन्तर्गत सीसीई, इंर्टनशिप/परियोजना कार्य, मुख्य प्रायोगिक एवं सैद्वांतिक परीक्षाएं भी तय समय सीमा के अंतर्गत आयोजित हुईं एवं सभी परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किए गए। सत्र 2021—22 के लिए स्वशासी योजना के अन्तर्गत दिनांक 30.04.2022 को आयोजित शासी निकाय की बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी गई जिस पर सभी सदस्यों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

**बिन्दु कमांक 2:— अकादमिक परिषद् द्वारा अनुमोदित अकादमिक प्रस्तावः**

(i) सत्र 2021—22 की अकादमिक परिषद् की बैठक में लिये गये निर्णयों के संबंध में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 मधुलिका सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि महाविद्यालय के शैक्षणिक प्लानर के अनुसार ही सभी शैक्षणिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियॉं संपन्न हुई। दिनांक 12.04.2022 को संपन्न हुई अकादमिक परिषद् की छठी बैठक के कार्यवृत्त का वाचन कर उसके कियान्वयन संबंधी जानकारी अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गई जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। सत्र 2022—23 के लिए प्रस्तुत अकादमिक कैलेन्डर का भी सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

(ii) सत्र 2022—23 में स्नातक स्तर पर वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत प्रथम एवं द्वितीय वर्ष हेतु नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के अंतर्गत विभिन्न विषयों आधार पाठ्यक्रम, वनस्पति शास्त्र, सूक्ष्म—जीवविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन शास्त्र, औद्योगिक रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, क्लीनिकल न्यूट्रीशन एवं डायटेटिक्स, गणित, कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन, भौतिक शास्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रबंधन (BBA), वाणिज्य, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, हिन्दी, समाज शास्त्र, राजनीतिक शास्त्र के कोर कोर्स (मुख्य/गौण/वैकल्पिक), वोकेशनल विषयों के अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रमों का अनुमोदन किया गया।

(iii) सत्र 2022—23 में स्नातक स्तर पर वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत तृतीय वर्ष के विषयों आधार पाठ्यक्रम, वनस्पति शास्त्र, सूक्ष्म—जीवविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन शास्त्र, औद्योगिक रसायन शास्त्र, प्राणी शास्त्र, गणित, कम्प्यूटर साइंस एवं एप्लीकेशन, प्रबंधन (BBA), वाणिज्य, भौतिक शास्त्र, इलेक्ट्रॉनिक्स, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, हिन्दी, समाज शास्त्र एवं राजनीतिक शास्त्र के अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रमों, जो कि उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन/बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा अनुमोदित हैं को समान रूप से महाविद्यालय में लागू करने हेतु अनुमोदन किया गया।

(iv) सत्र 2022—23 में स्नातकोत्तर स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली के अंतर्गत वाणिज्य, हिन्दी, गणित, रसायन शास्त्र, कम्प्यूटर साइंस, जैव प्रौद्योगिकी तथा भौतिक शास्त्र विषयों के अध्ययन मंडलों द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रमों

का अनुमोदन किया गया।

(v) स्वशासी योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय में सेमेस्टर एवं वार्षिक प्रणाली हेतु अनुमोदित परीक्षा नियमों में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा समय–समय पर जारी किये जाने वाले संशोधन यथावत् लागू करने हेतु अनुशंसा।

(vi) अकादमिक विषयों पर सुझाव एवं अनुशंसा।

विभिन्न सदस्यों द्वारा दिये गए सुझाव–

1. स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में सी.बी.सी.एस. प्रणाली लागू करने का सुझाव।
2. बी.ए. मनोविज्ञान पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का सुझाव।
3. एम ए सामाजिक विज्ञान / एम एस डब्लू पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव।
4. तनाव प्रबन्धन में सर्टिफिकेट / डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव।

उपरोक्त सुझावों को यथा सम्भव लागू करने का आश्वासन प्रभारी प्राचार्य / अध्यक्ष द्वारा दिया गया।

(vii) माननीय अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।

1. महाविद्यालय में दिनांक 22–23 दिसम्बर 2022 को प्रस्तावित नैक पियर टीम के विज़िट से सम्बन्धित तैयारियों की समीक्षा की गई।
2. विषयवार सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने हेतु नीति एवं नियमों के माध्यम से इस योजना को कियान्वित करने का प्रस्ताव ।
3. योग विज्ञान में सर्टिफिकेट / डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव ।

बिन्दु कमांक 02 के उप बिन्दु (vi) पर चर्चा के दौरान डॉ नीरज गौर द्वारा सुझाव दिया गया कि स्नातकोत्तर स्तर पर CBCS प्रणाली लागू करने के लिये बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल में लागू CBCS प्रणाली को यथावत लागू किया जा सकता है। नए पाठ्यक्रमों की तैयारी के संबंध में सदस्यों द्वारा जानकारी मांगी गई। इस संबंध में प्राचार्य महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि पाठ्यक्रम निरूपण संबंधी तैयारी की जा रही है। अन्य बिन्दु यथाप्रस्ताव अनुमोदित।

**बिन्दु क्रमांक 03:– वित्त समिति द्वारा अनुमोदित वित्तीय प्रस्ताव।**

अ. यू.जी.सी. के सत्र 2021–22 हेतु स्वशासी अनुदान के utilization का अनुमोदन।

ब. सत्र 2022–23 के स्वशासी मद के प्रस्तावित बजट पर चर्चा ।

बिन्दु कमांक 03 के उप बिन्दु (अ) पर चर्चा के दौरान डॉ नीरज गौर द्वारा अनुदान के utilization के बारे में जानकारी मांगी गई जो प्राचार्य महोदय एवं डॉ बी.डी.पाण्डेय द्वारा दी गई।
अन्य बिन्दु यथाप्रस्ताव अनुमोदित।

**बिन्दु क्रमांक 04 :– महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास हेतु गठित विभिन्न समितियों के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव।**

यथाप्रस्ताव अनुमोदित।

**बिन्दु क्रमांक 05 :– माननीय अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव।**

प्राचार्य महोदय द्वारा सत्र 2023–24 हेतु एम.ए.(अंग्रेजी), बी.ए.(इतिहास), एम.ए.सोशल वर्क तथा योग विषय में सर्टिफिकेट कोर्स के पाठ्यक्रम को प्रारम्भ करने का प्रस्ताव रखा गया। उपरोक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से मान्य किए गए।

बैठक के अंत में कार्य सूची में उल्लेखित सभी बिन्दुओं पर चर्चा के पश्चात नियंत्रक स्वशासी प्रकोष्ठ डॉ. बी.डी. पाण्डेय द्वारा सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया गया एवं बैठक के समापन की घोषणा की गई।

प्राचार्य

PRINCIPAL
Sadhu Vaswani Autonomous Co
Sant Hirda Ram Nagar
Bhopal-462030 Bhopa

प्रतिलिपिः
1. अध्यक्ष शासी निकाय,साधु वासवानी शिक्षण समिति
2. प्रबंध समिति के नामित सदस्य
3. प्राचार्य द्वारा नामित महाविद्यालय के प्राध्यापक
4. यू.जी.सी. (नई दिल्ली) द्वारा नामित सदस्य
5. राज्य शासन द्वारा नामित सदस्य
6. विश्वविद्यालय द्वारा नामित सदस्य
7. नियंत्रक स्वशासी प्रकोष्ठ